MODEL QUESTION PAPER

Time – 3 hrs. **<u>Hindi</u>** **Marks : 80**

सूचना: (1) सूचनाओं के अनुसार गदय पद्य पूरक पठन तथा भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन की कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।
(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें।
(3) रचना विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।
(4) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

विभाग १; गद्य (२० अंक)

कृति १.अ) गद्याश पढ़कर दी गई सूचनाओ के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए ; (६)

संसार में पाप है , जीवन में दोष ,व्यवस्था में अन्याय है, व्यवहार में अत्याचार ... और इस तरह समाज पीड़ित और पीड़क वर्गों में बाँट गया है सुधारक आते है ,जीवन की इन विडंबनाएँ टूटती -बखरती नजर आती है पर हम दखते है कि सुधरक चले जाते है और विडंबनाएँ अपना काम करती है !

आखिर इसका रहस्य क्या है कि संसार में इतने महान पुरुष ,सुधारक ,तीर्थकर , अवतार ,संत और पैगंबर आ चुके पर यह संसार अभी तक वैसा - का - वैसा ही चल रहा है इसे वे क्यो नहीं बदल पाए ? दूसरे शब्दों में जीवन के पापों और विडंबनाओ के पास वह कौन -सी शक्ति है जिससे वे सुधारको के इन शक्तिशाली आक्रमणोको झेल जाते है और टुकड़े - टुकड़े होकर बिखर नहीं जाते ?

शाँ ने इसका उत्तर दिया है की मुझपर हँसकर और इस रूप में मेरी उपेक्षा करके वे मुझे सह लेते है ! यह मुहावरे की भाषा में सिर झुकाकर लहर को ऊपर से उतार देना है !

शाँ की बात सच है पर यह सच्चाई एकंगी है, सत्य इतना हे नहीं है ! पाप के पास चार शस्त्र है , जिनसे वह सुधारक के सत्य को जीतता या कम - से - कम असफल करता है मैने जीवन का जो थोड़ा - बहुत अध्ययन किया है ,उसके अनुसार पाप के ये चार शस्त्र इस प्रकार है : उपेक्षा , निंदा , हत्या और श्रद्धा !

१) आकृति पूर्ण कीजिए : (०२)



२ निम्लिखित शब्दों के लिए परिच्छेद में आए हुए विलोम शब्द ढूंढ़कर लिखिए : (०२)

१. असत्य –
२. मुर्त्यु -
३ . दूर -
४. सफल –

३. 'समाज में सुधार लाने के लिये समाज सुधाराको की आवश्यकता होती है' इस विषय पर ४० से ५० शब्दों में अपने विचार लिखिये : (०२)

कृति १. आ) गद्यांश पढ़कर दी गई सुचानाओ के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए (०६)

मौसी कुछ नहीं बोल रही थी मौसी को चुप देख वो लोग भी फिर चुप हो गए ! थोड़ी देर बाद सभी अफसरों को सतर्क होते देख मौसी समज गई की आई.जी. साहब आ गए आई.जी. साहब ने आते ही हाथ जोड़कर मौसी को प्रणाम किया और बोले , '' मैडम ,मेरा नाम है अमित गर्ग ! मिश्रा सर जब इंटस्ट्री विभाग थे तो मै उनके अधीन कार्य कर चुका हूँ ! मिश्रा सर का बहुत

उपकार है इस विभाग पर मुझे सब कुछ पता चल चुका है आपका आदेश हो तो दिलीप को हम लोग लंदन एअरपोर्ट पर ही रोक लेने का प्रबंध क्र सकते है !

गर्ग साहब को देखते है मौसी उन्हें पहचान गई थी परतुं चुप ही रही! बहुत आग्रह करने पर वह बोली, '' मै किसी अच्छे वद्धधाश्रम में जाना चाहती हूँ ! आप लोग यदि उसमे मेरी सहायता कर दे तो बाड़ा उपकार होगा!

गर्ग साहब ने आपने वचन का पालन किया उन्होंने ही मौसी की इस मातेश्वरी वद्धधाश्रम में व्यवस्था करा दी थी आई. ए. एस. एसोसिएशन ने भारत से लेकर इग्लेंड तक हंगाम खड़ा कर दिया मीड़िया ने भी भारत की स्त्रियों और वध्दों की दुर्दशा पर लगातार समाचार प्रसारित कीए तथा बहस करवाई इतने बड़े पदाधिकारी की विधवा के साथ यदि बेटा ऐसा व्यवहार कर सकता है तो डी दुसरो की क्या हालत होगी ! घर का खरीदार घर वापस करने और दिलीप सारा मूल्य वापस करने को तैयार हो गया अंतत : कुछ भी हो सका क्यूंकि मौसी कुछ करने को तैयार नहीं हुई दिलीप और उसके परिवार का मुंह देखने के लिए मौसी कदापि तैयार नहीं हुई वह बहुत छटपटाया , बहुत गिड़गिड़या परतु मौसी टस - से- मस नहीं हुई उसने मेरे पास भी बहुत पैरवी की परतु कोई लाभ नहीं हुआ दिलीप को पश्चाताप हुआ की नहीं यह तो मै बता नहीं सकता परतु वह लोकलज्जा से ढक अवस्य गया था !

१ संजाल पूर्ण कीजिए: (०२)



२ निम्लिखित के समानार्थी शब्द परिच्छेद से ढूंढ़कर लिखये : (०२)

१ पुत्र -
२ मकान -
३ सिफारिश -
४ कुटुंब –

३ मनुष्य के स्वार्थ के कारण रिश्तो में आई दुरी इस विषय पर ४० से ५० शब्दों में अपना विचार व्यक्त कीजिए : (०२)

कृति १. इ) निम्लिखित के उत्तर ८० से १०० शब्दों में लिखये :(सिर्फ दो) (०६)

१. निराला जी का अतिथि भाव स्पष्ट कीजिये !
२. ओजोन विघटन संकट से बचने के लिए किए गए अंतरास्ट्रीय प्रयासों को संक्षेप में लिखिये !
३. ' सुनो किशोरी ' पाठ के आधार पर विद्यार्थी जीवन में मित्रता का महत्त्व ' स्पष्ट कीजिए !

कृति १. ई)साहित्यसंबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित एक - एक वाक्य में उत्तर लिखिए :(केवल दो) (०२)

१. हिंदी के कुछ आलोचकों द्वारा महादेवी वर्मा को दी गई उपाधि -
२. आशारानी व्होरो जी की दो रचनाएँ -
३. कहानी विधा की विशेषता -
४. ' धरती का फूल 'कहानी संग्रह के लेखक -

विभाग २ पद्य (२० अंक)

कृति २. अ) निम्लिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : (०६)

दाता है पेड़

जड़ , तना , शाखा , पत्ती , पुष्प , फल और बीज
हमारे लिए हे तो पेड़ की हर एक चीज !
किसी ने उसे पूजा !
किसी ने उस पर कुल्हाड़ी चलाई
पर कोई बताए
क्या पेड़ ने एक बूंद भी आँसू की गिराई ?
हमारी साँसो के लिए शुदध हवा
बीमारी के लिए दवा
शवयात्रा , शगुन या बारात
सभी के लिए देता है पुष्पों की सौगात
आदिकाल से आज तक
सुबह - शाम , दिन - रात
हमेशा देता आया है मनुष्य का साथ
कवि को मिला कागज , कलम , स्याही
वैद , हकीम को दवाई

(१) आकृति पूर्ण कीजिए : (०२)



२) उपुयक्त कविता में आये दो विलोम अर्थी शब्द ढूंढ़कर लिखिए : (०१)

१) ....
२).........

निम्लिखित शब्दों के लिए परिच्छेद में आए हुए समान शब्दो ढूंढ़कर लिखिए : (०१)

(१) फूल -.......
(२) औषधि -.....

३) 'भारतीय संस्कृति में पेड़ का महत्त्व ' इस विषय पर अपने विचार ४० से ५० शब्दों में लिखिए ! (०२)

कृति २. (आ) निम्लिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : (०६)

१ संजाल पूर्ण कीजिये

तुमने विश्वास दिया है मुझको ,
मन का उच्छ्वास दिया है मुझको ,
मै इसे भूमि पर सँभालूँगा ,
तुमने आकाश दिया है मुझको !
सूत्र यह तोड़ नहीं सकते है ,
तोड़कर जोड़ नहीं सकते !
व्योम मेँ जाएँ , कहीं भी उड़ जाएँ ,
भूमि को छोड़ नहीं सकते है !
सत्य है ,रात में अँधेरा है ,
रोक देने के लिए घेरा है !

काम भी और तुम करोगे क्या ,
बढ़ चलो ,सामने अँधेरा है !

१ संजाल पूर्ण कीजिये : (०२)



२) निम्लिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : (०२)

१) कर्म- …………..
२) धरती -…………..
३) भरोसा -……….
४) सच -……….

३) जीवन में किसी का विश्वास एंव प्रोत्साहन का बड़ा महत्त्व होता है, इस विषय पर अपने विचार ४० से ५० शब्दों में व्यक्त कीजिए : (०२)

कृति २. इ) निम्लिखित मुददों के आधार पर 'सच हम नहीं ;सच तुम नहीं' कविता का रसास्वाद कीजिए ! (०६)

१) रचनाकार का नाम
२) पसंद की पक्तियाँ
३) पसंद आने का कारण
४) कविता की के केंद्रीय कल्पना

अथवा

इ) जीवन के अनुभवो और वास्तविकता से परचित करने वाले वृंद जी के दोहों का रसास्वाद कीजिए ! (०६)

ई) साहित्यसबंधित सामान्य ज्ञान पर आधारित एक - एक वाक्य में उत्तर लिखिए (केवल दो) (०२)

१) चतुष्पदी के लक्षण लिखिए -
२) गुरुनानक की रचनाओं के नाम -
३) डॉ. मुकेश गौतम जी की रचनाएँ -
४) लोकगीत की विषेशताऐ –

विभाग ३ विशेष अध्ययन १० अंक

कृति ३. (अ) निम्लिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिये : (०६)

कर्म , स्वधर्म , निर्णय , दायित्व ,
शब्द , शब्द , शब्द। …….
मेरे लिए नितांत अर्थहीन है -
मै इस सब के परे अपलक तुम्हे देख रही हूँ
हर शब्द को आँजुरी बनाकर

बूँद - बूँद तुम्हे पी रही हूँ
और तुम्हारे तेज
मेरे जिस्म के एक एक मूर्छित संवेदन को
धधका रहा है

और तुम्हारे जादू भरे होठो से
रजनीगंधा के फूलो की तरह टप - टप शब्द झर रहे है
एक के बाद एक के बाद एक.....
कर्म , स्वधर्म , निर्णय , दायित्व ,
मुझे तक आते - आते सब बदल गए है
मुझे सुने पड़ता है केवल
राधन ,राधन ,राधन,

१ संजाल पूर्ण कीजिये : (०२)



२ पद्यांश में प्रयुक्त शब्द युग्म ढूंढ़कर लिखिए : (०२)

१) ....
२) ....
३) ....
४) ....

३) ' मनुष्य को एक -दूसरे के साथ प्रेम से रहना चाहिए ' इस विषय पर ४० से ५० शब्दों में अपने विचार लिखिए : (०२)

कृति ३. (आ) निम्लिखित में से किसे एक का उत्तर ८० से १०० शब्दों में लिखिए | (०४)

(१) महाभारत को लेकर राधा की भूमिका को स्पस्ट कीजिए |
(२) कृष्ण के प्रति राधा के उत्कट प्रेम को 'कनुप्रिया ' के माध्यम से समझाइए |

विभाग ४ व्याकरण हिंदी २० अंक

कृति ४ अ) निम्लिखित का उत्तर लगभग १०० से १२० शब्दों में लिखिए (०४)

लता मंगेशकर पर फीचर लेखन कीजिए !

अथवा

परिच्छेद पढ़ कर दी है सूचना के अनुसार प्रकृति या पूर्ण कीजिए !

ब्लॉक लेखन के पास लोगों से संवाद स्थापित करने के लिए बहुत से विषय होने चाहिए।विपुल, पठन ,चिंतन तथा भाषा का समुचित ज्ञान होना आवश्यक है भाषा सहज प्रभावमयी हो तो ही पाठक उसे पढ़ेगा । साथी लेखक के पास विषय से संबंधित संदर्भ घटनाएं और याद हो तो ब्लॉक पठनीय होगा जिस क्षेत्र या जिस व्याख्याता व्यक्ति के संदर्भ में आप लिख रहे हैं उस व्यक्ति से आप का संबंध कैसा बना ? किसी विशेष भेंट के दौरान उस व्यक्ति ने आप को कैसे प्रभावित किया ? यदि वह व्यक्ति आप के निकट परिचितों में है तो उसकी सहृदयता, मानवता आदि से संबंधित कौन सा

पहलू आपकी स्मृतियों में रहा? ऐसा अनेक विषय है जिन्हें आप शब्दअंकित कर अपने पाठकों का विश्वास प्राप्त कर सकते हैं

यह इस बात का ध्यान रहे कि विषय में अंश की गहराई हो प्रभावी कथन शैली भी इसका एक महत्वपूर्ण मापदंड है की लिस्ट शब्दों के उपयोग से बचते हुए सीधी साधी सहज भाषा का प्रयोग किया जाए तो पाठक विषय सामग्री से बहुत जल्दी एक रूप हो जाता है विशेषणो ओं के प्रयोग से भाषा को सौष्टव प्राप्त होता है पाठक इसकी और आकर्षित होता है भाषा शब्दों या अक्षरों का समूह नहीं होता है प्रत्येक शब्द का विशिष्ट अर्थ के साथ जन्म होता है तथा उस अर्थ में भावनाएं निहित होती है सहज शरद होने के साथ भाषा का बांँकपन ब्लॉग लेखन की गरिमा को बढ़ाता है शैली १ दिन में नहीं बनती या सतत लेखन से संभव है जिस प्रकार गायक प्रतिदिन प्रयास कर राग और बंदिश का निर्माण करने में निपुण बनता है उसी प्रकार निरंतर लेखक से लेखक की “शैली” विकसित होती है और पाठकों को प्रभावित करती है।

१ संजाल पूर्ण कीजिये (०२)



२ निम्लिखित शब्दों के अर्थ लिखिए (०२)

१ संवाद -
२ चिंतन -
३ क्लिष्ट-
४ रियास-

३) निरंतर अभ्यास करने से व्यक्ति के गुणों का विकास होता है इस विषय पर ४० से ५० शब्दों से अपने विचार प्रकट कीजिए ! (०२)

कृति ४. (आ) निम्लिखित में से किसी एक का उत्तर ८० से १०० शब्दों में लिखिए (०४)

१ फीचर लेखन की विशेषता स्पष्ट कीजिए !

अथवा

२ समुद्री जीवो पर शोध पूर्ण जानकारी प्रस्तुत कीजिए !

सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए

१) पल्लवन का अर्थ

१) निबंध - ३) संक्षिप्त-
२) संपादन - ४) विस्तार

२.) फीचर लेखन में यह होना चाहिए

१) कल्पनाशीलता २) संक्षिप्तता
३)भावप्रधानता ४) व्याकुलता

३) किसी भी कार्यक्रम में इनकी बहुत अहम भूमिका होती है ।

१)लेखक २) विषय
३) मंच संचालक ४) सुधार

४) महात्मा गांधी जी का एकमात्र धर्म था:

१) मानवता २) सहनशीलता
३) सेवा करना ४) परिवर्तन लाना

कृति ४. इ) निम्लिखित अपठित गद्यांश पढ़कर कृतियां पूर्ण कीजिए (०४)

हम रसायनों के युग में रह रहे हैं हमारे पर्यावरण की सारी वस्तुएं और हम सब, रसायनिक यौगिको बने हुए हैं हवा मिट्टी पानी खाना वनस्पति और जीव जंतु यह सब अजूबे जीवन की रसायनिक सच्चाई पैदा किए हैं प्राकृतिक में सैकड़ों हजारों रासायनिक पदार्थ है रसायन ना होते तो धरती पर जीवन भी नहीं होता पानी जो जीवन का आधार है हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से बना एक योगिक है मधुर ,मीठी, चीनी कार्बन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से बनी है कोयल और तेल बीमारियों से मुक्त दिलाने वाली एंटीबायोटिक , एक्सप्लेन और पेंसिल अनाज और सब्जियां फल एवं निवेश अभी तो रसायन है

जीवन जोखिम से भरा है गुफा- मानव ने जब भी आग जलाई, उसने जल जाने का खतरा उठाया। जीवन यहां पर के आधुनिक तरीकों में कुछ खतरों को कम किया गया है, पर कुछ खतरे आने गुना बढ़ गए हैं । यह खतरे नुकसान और शारीरिक चोट के रूप में भी हैं हम सभी अपने दैनिक जीवन में जोखिम उठाते हैं जैसे , जब हम सड़क पार करते हैं,कार में बैठते हैं, खेलते हैं, पालतू जानवरों को दुलारते हैं, घरेलू काम-काज करते हैं या केवल पेड़ के नीचे बैठे होते हैं, तो हम जोखिम उठा रहे होते हैं इन जोखिमों में से कुछ तत्कालीन है, जैसे जलने का, गिरने का या अपने ऊपर कुछ गिर जाने का खतरा।

१ संजाल पूर्ण कीजिये (०२)



२) निम्लिखित शब्दों के लिंग पहचान कर लिखिए (०२)

१)धरती ……….
२)तेल……….
३)वस्तु …….
४)रसायन…………

३)ध्वनि प्रदूषण इस विषय पर ४० से ५० शब्दों में अपने विचार प्रकट कीजिए (०२)

कृति ४. ई) निम्लिखित शब्दों में से किन्हीं चार के हिंदी परिभाषिक शब्द (०४)

1] Amendment 2] Compensation
3] Inrolment 4] Expert
5] Bank Statement 6] Dead Account
7] Meteorology 8] Integrated ciruit

विभाग - ५ : व्याकरण - १० अंक

कृति ५. अ) निम्लिखित वाक्यों का कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए (को दो) (०२)

१) जगत में बहुत से परिवर्तन हो गए हैं । (सामान्य भूतकाल)
२) मौसी कुछ नहीं बोलती है। (अपूर्ण भूतकाल)

३) अब उस अध्याय का अवसान हो जाएगा ।(पूर्ण वर्तमान काल)
४) बहुत देर हो गई है। (सामान्य भविष्यकाल)

कृति ५. आ निम्लिखित पंक्तियों में उदयकृत अलंकार पहचान कर उसका नाम लिखिए (कोई दो) (०२)

१) " मोती की लड़कियों से सुंदर, झड़ते हैं झाग भरे निर्झर।ठ
२) " मैया मैं तो चंद्र खिलौना लेहोठ।
३) " उस क्रोध के मारे तनु उसका कांपने लगा ।
मानो हवा के जोर से सोता हुआ सागर जागा।"
४) " पत्रा ही तिथि पइयो ,वा घर के चहुँ पास।
नितप्रति पून्यो ही रह् यो ,आनन ओप उजास ।"

कृति ५. (इ) निम्लिखित पंक्तियों में उद्‌धृत रस पहचान कर उसका नाम लिखिए : (कोई दो) (०२)

(i) "बिनु पग चलै, सुनै बिनु काना |
कर बिनु कर्म करै , बिधि नाना ||
आनन रहीत सकल रास भोगी |
बिनु वाणी वक्ता बाद जोगी ||"

(ii) माला फेरत जुंग भया, फिरा न मन फेर |
कर का मनका डारि कैं मन का मनका फेर ||

(iii) राम के रूप निहारति जानकी, कंकन के नग की परछाही |
यातै सबै सुधि भूली गई कर टेकि रही पल तारत नाही ||

(iv) समदरसी है नाम तिहारो, सोई पार करो,
एक नदिया इक नार कहावत, मैली नीर भरौ,
एक लोहा पूजा में राखत, एक घर बधिक परो,
सो दुविधा पारस नहीं जानत, कंचन करत खरो ||

कृति ५. (ई) निम्लिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए (कोई दो) (०२)

१)जहर का घूंट पीना
२)तिल का ताड़ बनाना
३)मोटी गर्म करना
४)उलटी गंगा बहना

कृति ५. (उ) निम्लिखित वाक्यों को शुद्ध कर कर वाक्य फिर से लिखिए (कोई दो) (०२)

१)उसके सत्य का पराजय हो जाता है।
२) अतिथि आए हैं , घर में सामान नहीं है ।
३)सुक्रांत के लिए यह जहर का प्याला है।
४) आप इस शेष लिफाफे को खोल कर पढ़ लीजिए ।